an>

title: Regarding problems faced by jewellers in the country.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : सभापति जी, मैं एक महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस समय देश में अधिकतर जगहों पर सर्राफा व्यवसाइयों की हड़ताल चल रही है। सर्राफा व्यवसाय बंद हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तो परेशानी हो ही रही है, साथ ही साथ सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। सर्राफा व्यवसायियों का विरोध एक्साइज ड्यूटी के रूप में अतिरिक्त कर लगाने को लेकर है। वे जगह-जगह धरने और प्रदर्शन कर रहे हैं और काफी दिनों से उनका आंदोलन चल रहा है। आजकल शादी-ब्याह का सीजन है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सर्राफा व्यवसायियों की समस्या पर विचार किया जाए और उनकी समस्या का निदान किया जाए। साथ ही सर्राफा व्यवसायियों को विश्वास में लेकर कर का कोई वैकल्पिक रूप खोज कर प्रभावी कदम उठाए जाएं।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta, Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri Bhanu Pratap Singh Verma and Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.